**उत्तर प्रदेश सरकार**

**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड**

**19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,**

**लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001**

**सूचना/ विज्ञप्ति**

# पुरूष एवं महिलाओं के लिये उ0प्र0 पुलिस में पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) ,पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) तथा सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक सतर्कता) एवं उपनिरीक्षक (गोपनीय सतर्कता) की सीधी भर्ती–2020–21 का अन्तिम चयन परिणाम।

संख्याःपीआरपीबी- एक–1(लॉजिक च0प0) / 2020–21 दिनांकः दिसम्बर 29, 2022

पुरूष एवं महिलाओं के लिये उ0प्र0 पुलिस में पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) के 295 पदों, उपनिरीक्षक (गोपनीय सतर्कता) के 20 पदों पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) के 624 पदों, सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक सतर्कता) के 32 पदों एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के 358 पदों पर सीधी भर्ती–2020–21 के सम्बन्ध में पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 से प्राप्त अधियाचन दिनांकित 20.08.2020 एवं उ0प्र0 सतर्कता अधिष्ठान से प्राप्त अधियाचन दिनांकित 02.01.2021 के कम में बोर्ड द्वारा निर्गत सूचना/विज्ञप्ति संख्या पीआरपीबी–एक–1 (लि0सं0)/2020 दिनांक 23.03.2021 प्रकाशित करते हुए उपरोक्त पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गये थे।

2– इस चयन प्रकिया के अन्तर्गत कुल 66,832 ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त हुए । उक्त चयन प्रकिया के अन्तर्गत प्रदेश के 13 जनपदों के परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 04.12.2021 एवं 05.12.2021 को प्रतिदिन 02 पालियों में ऑनलाइन लिखित परीक्षा आयोजित की गयी, जिसमें 38,686 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

बोर्ड द्वारा निर्गत सूचना/विज्ञप्ति दिनांकित 23.03.2021 के प्रस्तर 4.1 में दी गयी प्रकिया के अनुसार अभ्यर्थियों के ऑनलाइन लिखित परीक्षा के प्राप्तांको का प्रसामान्यीकरण (Normalization) करते हुये प्रसामान्यीकृत अंको के आधार पर श्रेष्ठता सूची तैयार की गयी ।

सूचना/विज्ञप्ति दिनांकित 23.03.2021 के प्रस्तर 5.1 एवं 5.2 में वर्णित व्यवस्था एवं उ0प्र0 शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत आरक्षण नीति के सुसंगत प्रावधानों के अनुसार सूचना/विज्ञप्ति दिनांक 12.04.2022 द्वारा दिनांक 19.04.2022 से 22.04.2022 तक 4543 एवं द्वितीय चरण में दिनांक 20.05.2022 से 23.05.2022 तक 4287, कुल **8,830** अभ्यर्थियों को अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु प्रदेश के 08 जोनल मुख्यालय के जनपदों में स्थित रिजर्व पुलिस लाइन्स में बुलाया गया और अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा की कार्यवाही पूर्ण की गयी, जिसमें 5,478 अभ्यर्थी सफल हुये।

3– उक्त अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा में सफल पाये गये अभ्यर्थियों की कम्प्यूटर टंकण परीक्षा, विज्ञप्ति दिनांक 13.10.2022 द्वारा दिनांक 18.10.2022 से 23.10.2022 तक 05 परीक्षा केन्द्रों पर एवं आवेदित पद की अर्हता के अनुसार आशुलिपि परीक्षा दिनांक 23.11.2022 एवं 24.11.2022 को 04 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न करायी गयी है।

4– उक्त ऑनलाइन लिखित परीक्षा, अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा, आवेदित पद की अर्हता के अनुसार कम्प्यूटर टंकण परीक्षा एवं आशुलिपि परीक्षा में सफल पाये गये अभ्यर्थियों के ऑन लाइन लिखित परीक्षा के 04 विषयों में प्राप्त प्रसामान्यीकृत अंकों (Normalised Score) के कुल योग के श्रेष्ठताक्रम के आधार पर उ0प्र0 शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत आरक्षण नीति के सुसंगत प्रावधानों के अनुसार विज्ञापित रिक्तियों के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों की सूची एवं टंकण परीक्षा में सफल रहे किन्तु अन्तिम रुप से अचयनित अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जा रही है।

नोट– पात्र अभ्यर्थियों के उपलब्ध न होने के कारण पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) के 156 पद तथा उपनिरीक्षक (गोपनीय) सतर्कता के 16 पद रिक्त रहे है।

5– उपरोक्त चयन परिणाम निम्नलिखित सूचियों के अनुसार अभ्यर्थी के रजिस्ट्रेशन नम्बर के क्रम में बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित है:–

**सूची– 1A,1B,1C -** उपनिरीक्षक (गोपनीय), सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) तथा सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के अधियाचित पदों का विवरण।

**सूची– 1D,1E,1F -** उपनिरीक्षक (गोपनीय), सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) तथा सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के भरे गये पदों की संख्या एवं श्रेणीवार कट ऑफ अंक ।

**सूची– 2A -** अनारक्षित श्रेणी (OC) के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।

**2B -**आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची ।

**2C -** अन्य पिछडे वर्ग श्रेणी (OBC) के अन्तर्गत समस्त (overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।

**2D -** अनुसूचित जाति वर्ग (SC) के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।

**2E -** अनुसूचित जनजाति वर्ग (ST) के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।

**सूची–3A-I -** पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) के पद पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची ।

**3A-II-** उपनिरीक्षक (गोपनीय) सतर्कता के पद पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची ।

**3B-I -** पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) के पद पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची ।

**3B-II-** सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) सतर्कता के पद पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची ।

**3C** - पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के पद पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची ।

<u>**सूची– 4**</u> टंकण परीक्षा में सफल रहे किन्तु अन्तिम रुप से अचयनित अभ्यर्थियों की सूची ।

6– उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं सहायक गोपनीय संवर्ग सेवा नियमावली–2015 (यथासंशोधित)में दी गयी व्यवस्था के अनुसार दो या अधिक अभ्यर्थियों द्वारा समान अंक प्राप्त करने की स्थिति में उनकी श्रेष्ठता का विनिश्चय टाईब्रेक के नियमों के अन्तर्गत अधिमानी अर्हता, अधिक आयु व नाम के प्रथम ( अग्रेजी वर्णमाला के अनुसार) अक्षर के कम में किया गया है।

7– यह चयन परिणाम बोर्ड की वेबसाइट ***http://uppbpb.gov.in*** पर प्रदर्शित किया जा रहा है। अभ्यर्थीगण अपने प्रसामान्यीकृत प्राप्तांक अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर व जन्म तिथि अंकित (Submit) कर वेबसाइट पर देख सकते है।

8– यह चयन परिणाम नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा कराये जाने वाले अभ्यर्थी के चिकित्सीय परीक्षण और उसके शैक्षिक योग्यता, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण –पत्रों व चरित्र सत्यापन में उपयुक्तता के अधीन होगा।

9– यह चयन परिणाम माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, योजित रिट याचिका संख्या 11039/2018 विपिन कुमार मौर्या व अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में दिनांक 16.01.2019 को पारित निर्णय के कम में शासनादेश संख्या–39 रिट/का–2/2019 दिनांकित 26.06.2019 द्वारा इस प्रकरण में योजित स्पेशल अपील (डी) संख्या 475/2019 में माननीय न्यायालय द्वारा पारित अग्रिम निर्णय एवं अन्य रिटों में पारित निर्णयों के अधीन होगा।

10– चयन परिणाम के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को अवगत कराया जा रहा है कि इसे तैयार करने में पर्याप्त सावधानी व सतर्कता बरती गयी है। अतः जो सूचनाएं इस सूचना/विज्ञप्ति के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही है, उनके सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम –2005 के अन्तर्गत पृथक से कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें और न ही उन पर बोर्ड द्वारा कोई विचार किया जायेगा।

<u>संलग्नकः</u> यथोपरि ।

29/04/22

अपर सचिव, भर्ती
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।